मरे हुए लोगों के नाम पर निकाली राशि

पीएम आवास में भ्रष्टाचार

उमरिया, देशबन्धु। जिले में भ्रष्टाचार की सीमा पार हो गई है। अब भ्रष्टाचार के खिलाफ जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियों के ऊपर गाज गिरी है और जनपद पंचायत सीईओ कन्हाई कुंवर ने एफआईआर दर्ज कराई है। पाया गया कि मरे हुए लोगों के नाम से भी राशि का आहरण कर लिया गया और अपात्रों को योजना का लाभ दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

आवेदन पत्र में सूचित किया गया है कि जनपद पंचायत पाली की नौ ग्राम अंतर्गत की पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास के 16 हितग्राहियों के विरुद्ध अनियमितता की जांच में पाया कि प्रधानमंत्री में से चौदह हितग्राहियों की राशि का दुरुपयोग किया गया है। पात्र एवं स्वीकृत हितग्राही के स्थान पर समान नाम के एवं अन्य व्यक्तियों का पता परिवर्तन सीईओ जनपद पचांयत पाली के लॉगिन आईडी का इस्तेमाल कर लिया गया है। इसमें राशि का अंतरण पतरूराम भगत सहायक लेखा अधिकारी प्रथम सिग्नेचरी एवं कन्हाई कुंवर, सीईओ जनपद पंचायत पाली द्वितीय सिप्रेचरी के डिजिटल सिग्नेचर मो. इब्राहिम नोमानी, ब्लॉक समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास द्वारा किया गया है, इसमें वित्तीय वर्ष 24 फरवरी 2017 से 19 मई 2023 के मध्य आरोपीगणों द्वारा योजना की राशि रुपये 17 लाख एवं मजदूरी की राशि एक लाख नौ हजार 860 रुपये कुल 18 लाख नौ हजार 860 रुपये शासकीय धनराशि धोखाधड़ी/ कूटरचना कर दुरुपयोग

किया जाना पाया एवं पात्र हितग्राहियों को अपने लाभ से वंचित किया गया।

उक्त कार्य हेतु मो इब्राहिम नोमानी, ब्लक समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास के द्वारा ग्राम पंचायतों के आईडी से गलत जियोटैग करना, पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायकों से दबाव बनाकर गलत जियोटैग, गलत खाते प्राप्त करना, मुख्य कार्यपलन अधिकारी जनपद पंचायत के आईडी से खाते परिवर्तन करना एवं सहायक लेखा अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के डिजिटल सिग्रेचर का जानबुझकर दुरूपयोग करना पाया गया है, साथ ही पतरूराम भगत, पंचायत समन्वय अधिकारी (प्रभारी सहायक लेखा अधिकारी) एवं चमन सिंह पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत बरहाई, वर्तमान ग्राम पंचायत भौतरा, फूल सिंह, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत बरहाई, वर्तमान ग्राम पंचायत महरोई, भुवनेश्वर सिंह, ग्राम रोजगार सहायक बरहाई (तत्कालीन) सेवा से पृथक, राजेश कुमार यादव, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत चंदनिया, वर्तमान ग्राम पंचायत कुशमहाखुर्द, राजाराम चंदेल, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत गिजरी, वर्तमान ग्राम पंचायत झापी जनपद पंचायत करकेली. महाबीर सिंह, पंचायत सचिव, (तत्कालीन) ग्राम पंचायत कठई, वर्तमान ग्राम पंचायत बिचकिड़ी, रामचरित सिंह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कुरकुचा, रामप्रसाद पनिका, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत ममान, वर्तमान ग्राम पंचायत बरदढ़ार, शैलेन्द्र तिवारी, पंचायत सचिव (तत्कालीन) ग्राम पंचायत ममान, वर्तमान ग्राम पंचायत धौरई, रविन्द्र सिंह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मुदरिया, म मो हुसैन खान, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत मेंढकी द्वारा हितग्राहियों के आवासों का गलत जियोटैग करने का दोषी पाये गये।

इनके विरूद्ध शासकीय योजनाओं की राशि का दुरुपयोग करने, अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने, मरे हुये हितग्राहियों के नाम से राशि का आहरण फर्जी तरीके से किया गया इसलिए इन सबके खिलाफ थाने में आवेदन दिया गया है। साथ ही धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और जांच की जा रही है।

महाविद्यालय लालबर्रा में भारतीय ज्ञान परम्परा पर दो दिवसीय कार्यक्रम

लालबर्रा, देशबन्धु। शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में भारतीय ज्ञान परम्परा पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी सदस्य प्रकाश राहंगडाले सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खंडायत ने की। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रचार-प्रसार एवं उसके महत्व को आधुनिक युवा पीढ़ी तक पहुचाने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रथम दिवस निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित लोक गीत व लोक नृत्य का कार्यक्रम रखा गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे उनकी सांस्कृतिक समझ व रचनात्मक कौषल को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व एवं इसका हमारे दैनिक जीवन में योगदान किस प्रकार है बताया। इस कार्यक्रम मं महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं को जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम तथा संभाग स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत ने सफल आयोजन के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी नरेश सौलखे को बधाई दी एवं छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर पर प्रतिभागिता के लिए शुभकामनाएं दीं। दो दिवसीय कार्यक्रम का मंच संचालन संध्या परते, डॉ. कामाक्षा बिसेन एवं अनिभा शरणागत द्वारा किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक सुमन बरवा, डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. देवराज चैरे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. क्रांति जैन, डॉ. आषीष बागड़े, माधुरी पुसे, आषा कारे, संदीप चैरसिया, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, सरिता ऐड़े, लकेष गेड़ाम, रामदयाल मथारे, पीतम मुरते, वंदना कुर्वे, मीनेष पंचेष्वर, इकबाल खान एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सार-समाचार

उमरिया में बाघ ने किया मवेशी का शिकार

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर और बफर क्षेत्र में बाघ, बाघिन और शावक अठखेलियां करते और अलग-अलग अंदाज में पर्यटकों को दिखाई देते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को मगधी जोन में सफारी के दौरान पर्यटकों को बाघ जमहोल मवेशी का शिकार करते हुए दिखाई दिया। इससे पर्यटकों का रोमांच बढ़ गया।

जनकल्याण और कानून व्यवस्था की स्थिति आदर्श रहे : मुख्यमंत्री

पन्ना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में चाहे विकास का प्रश्न हो, शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन या कानून-व्यवस्था की बात हो, आदर्श स्थिति बनाए रखने का दायित्व कलेक्टर-एसपी का है। अपने जिले में सभी व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर्स और एसपी जिम्मेदार होंगे। जिन जिलों से अनियमितताओं की शिकायतें आएंगी, वहां बड़े अधिकारियों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गत शुक्रवार की सायं भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला एवं संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उक्त निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से जिलों के पुनर्गठन के लिए राज्य शासन ने आयोग गठित किया है। इसमें कलेक्टर और जनप्रतिनिधि भी जरूरी सुझाव देकर सहयोग करें। आने वाले समय में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण, आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने जैसे निर्णय क्रियान्वित होंगे। इस दृष्टि से अनेक प्रशासनिक कार्यों का सह संबंध रहेगा। जिला स्तर पर भी जनकल्याण के साथ प्रशासनिक सुधार प्राथमिक कार्य है। परीक्षाओं को देखते हुए निर्धारित ध्वनि से अधिक कोलाहल यंत्रों पर नियंत्रण, नशे का व्यापार करने वालों पर अंकुश, पराली जलाने पर रोक, किसानों के लिए खाद और उर्वरक के व्यवस्थित वितरण, राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण को मुस्तैदी से किया जाए। खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएं।

25 से 10 दिसंबर तक चलेगा हम होंगे कामयाब अभियान

पन्ना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रात: 10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेंगी।

भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा स्पर्धा में विद्यार्थी करेंगे सहभागिता

पन्ना, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार आगामी 9 दिसम्बर को गीता जयंती उत्साहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग इस्कॉन के साथ मिलकर भगवद गीता पर केंद्रित प्रतियोगिता कराएगा। गीता के श्लोकों का वाचन, अध्ययन-मनन और भगवद गीता में लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह अकादमिक अभियान चलाया गया है। इसमें विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। शास्त्र के रूप में स्थापित भगवद गीता विद्वतजन, ऋषि मुनि से लेकर जनसामान्य तक के मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है और समाधान भी प्रदान करती है। गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर मानव, अपने जीवन को कर्मवाद से जोड़कर सद्मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलताएं प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता, स्कूल शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग के विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

पवई में अभिभाषकों के साथ की बैठक

पन्ना, देशबन्धु। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत के क्रियान्वयन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस क्रम में आज जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में पवई में अभिभाषकगण की बैठक आयोजित की गई।

इस मौके पर जिला न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अधिवक्ता संघ पवई के अध्यक्ष राजेश कुमार नगायच भी

उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं से क्लेम प्रकरणों, मोटर दावा दुर्घटना, सिविल व क्रिमिनल अपील के प्रकरण को राजीनामा के माध्यम से निराकरण के संबंध में चर्चा की, साथ ही गत लोक अदालत के प्रकरणों से 10 प्रतिशत अधिक मामलों के निराकरण के लिए प्रेरित किया गया।

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की दी जानकारी

शहडोल, देशबन्धु। विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल में मानसिक स्वास्थ्य विभाग शहडोल द्वारा निरोगी काया अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर मुकुंद चतुर्वेदी नोडल ऑफिसर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शहडोल रहे।जबकि सीमा बानो नर्सिंग ऑफिसर मनकक्ष जिला शहडोल, पूनम सिंह काउंसलर जिला चिकित्सालय शहडोल भी उपस्थित रहीं।

नोडल ऑफिसर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शहडोल डॉक्टर मुकुंद चतुर्वेदी ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। इसके

साथ ही उन्होंने अन्य उपयोगी जानकारी भी प्रदान की।

कार्यक्रम में विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हरीश गुप्ता, सीनियर स्टाफ डॉक्टर नम्रता पटेल, मनीष गुप्ता, राजकिशोर दुबे, सरिता जायसवाल, शारदा यादव, शिवानी सिंह राजपूत, प्रीति विश्वकर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, आशु प्रजापति, उमेश सोंधिया, अर्पिता पांडे, हर्षिता मिश्रा, सुधा राठौर और विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक

पन्ना,देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ विशेष डीएलसीसी एवं डीएलआरसी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित भारतीय स्टेट बैंक एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक के मुख्य प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी, समस्त बैंक के नोडल अधिकारी तथा शासकीय ऋण योजनाओं से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले की समस्त ग्राम पंचायतो में जनसुरक्षा कैम्प के आयोजन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा सरपंच व सचिव से शिविर आयोजन में आवश्यक सहयोग का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त आगामी एक

जनवरी 2025 से बैंकिंग संव्यवहार का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को लक्ष्य अनुरूप ऋण आवेदन जमा करने तथा बैंक को आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बैंकर्स को एनपीए की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन, जो पिछले वित्तीय वर्ष के विभिन्न पोर्टल पर लंबित हैं, उन्हें निराकृत करने तथा पीएमएफएमई योजना, पशु एवं मत्स्य केसीसी व अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का निर्धारित लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अनिवार्यत: पूर्ण करने के लिए कहा।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगे दस लाख, छग से पैसा लेने शहडोल पहुंचा आरोपी पकड़ा

शहडोल, देशबन्धु। छत्तीसगढ़ के रहने वाले एक व्यक्ति को शहडोल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति की बेटी का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठग लिए थे, इसके बाद भी वह और पैसों की मांग कर रहा था। बकाया पैसा लेने के लिए आरोपी शहडोल पहुंचा तो उसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि बाणगंगा कॉलोनी में रहने वाले गंगासागर सिंह की बेटे 2024 में नीट की परीक्षा पास की थी। मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए भिलाई के एजेंट अजय पांडेय से 10 लाख में सौदा तय हुआ था। गंगासागर ने एडमिशन के लिए एजेंट को 10 लाख रुपए दे दिए थे, लेकिन मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं हो सका। इसके बाद छात्रा का एडमिशन जोधपुर में हो गया। पीड़ित ने जब एजेंट से अपने पैसे वापस करने की बात कही तो उसने जोधपुर में एडमिशन कराने के नाम पर पैसे खर्च होने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।

एजेंट 8 लाख रुपए अतिरिक्त की मांग कर रहा था। पैसे नहीं देने पर उसने पीड़ित के सोशल मीडिया अकाउंट से धमकी भरा मैसेज भी भेज दिया। इसके बाद पीड़ित ने एजेंट को बकाया पैसे देने के लिए भिलाई से शहडोल बुलाया और उससे पहले ही कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दे दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी अजय पांडे पर धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी अपना बकाया हुआ पैसा लेने शहडोल आया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

सिविल अस्पताल के पास गोमटियों में आवारा तत्वों का जमावड़ा

ब्यौहारी, देशबन्धु। सिविल हॉस्पिटल के आसपास बनी बाहर रखी गोमतीयों में आवारा व्यक्ति बैठे रहते हैं जिससे आम नागरिकों को अस्पताल आने-जाने में भारी समस्या होती है आए दिन ऐसे व्यक्ति पान ठेला चाय ठेला में बैठकर गाजा कोरेक्स का सेवन करते रहते हैं और इन सबकी जानकारी सीवीएमओ को है लेकिन जानते हुए अनदेखा किया जाता है अस्पताल में आए हुए मरीज असहज महसूस करते हैं।

हॉस्पिटल ब्यौहारी के सामने बनी गोमटियों में कोरेक्स, गांजा आदि नशे का सेवन करते हुए आवारा व्यक्ति बैठे रहते हैं, जिन पर पुलिस भी लगाम नहीं लग पा रही है। पत्र के माध्यम से यह आशा की जाती है कि सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी के सामने बनी पान ठेलों में जांच कर ऐसे व्यक्तियों को वहां से भगाया जाए, ताकि वहां आ रहे क्षेत्र के समस्त मरीज चैन की सास ले सकें। आए दिन ऐसे व्यक्ति आपस में ही गाली गलौज करते रहते हैं, जिससे यहां का माहौल खराब होता है।

मतदाता सूची में युवा एवं छूटे मतदाताओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देश

पन्ना, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पवई, पन्ना एवं गुनौर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं सहित छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के संबंध में विशेष कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। बताया गया है कि पन्ना जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 में निर्धारित लक्ष्य अनुसार विधानसभावार युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रगति कम है। जिले में 18-19 आयु वर्ग के 12 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम जोड़े जाना हैं। इसलिए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के संबंध में बीएलओ को आवश्यक निर्देश देने तथा उनके क्षेत्र अंतर्गत सभी पात्र छूटे हुए मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा नियमित रूप से प्राप्त फार्म की प्रविष्टि तथा 28 नवम्बर 2024 तक अनिवार्यत: लक्ष्यपूर्ति के निर्देश भी दिए गए हैं।

निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने दिया ज्ञापन

लालबर्रा, देशबन्धु। नगर मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत ददिया व बम्हनी पंचायत के समनापुर मार्ग के वैनगंगा पोटियाघाट पर जो 23.50 लाख रुपए कि लागत से पनघट एवं रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य बम्हनी सरपंच द्वारा करवाया जा रहा है उक्त निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने व नियम विरुद्ध निर्माण कार्य की शिकायत की गई है। ग्राम सरपंच त्रृषि पंछी भलावी व जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम भोयर सहित ददिया के सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसीलदार लालबर्रा, जनपद सीईओ लालबर्रा व थाना प्रभारी लालबर्रा का शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि पोटियापाट ददिया में बम्हनी सरपंच बीआर ढबाले द्वारा अनावश्यक व नियम विरुद्ध तरीके से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उक्त भूमि ददिया पंचायत की सरहद में आती है। बिना ग्रामीणों से पुछे उक्त स्थान पर निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है। इसकी ददिया के ग्रामीणों को कोई जानकारी नहीं है। साथ ही किस मद से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है किसी को कोई अता-पता नहीं है। बम्हनी सरपंच बीआर ढबाले द्वारा ददिया के ग्रामीणों को

पनघट एवं रिटर्निंग वाल का निर्माण नियम विरुद्ध, बम्हनी सरपंच पर दूसरे की पंचायत में निर्माण करवाने का आरोप

बिना विश्वास में लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त निर्माण कार्य तत्काल बंद किया जाये साथ ही संबंधित अधिकारी उक्त स्थल का निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रेस से चर्चा करते हुए ग्राम सरपंच त्रृषि पंछी भलावी ने बताया कि बेवजह ही नियम विरुद्ध तरीके से बम्हनी सरपंच द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसकी हमारे द्वारा शिकायत कर कार्यवाही कि मांग कि गई है। वर्तमान में 15 दिनों तक इसी स्थान पर मेला लग रहा है और हजारों कि संख्या में लोग दूर दूर से पोटियापाट पर घूमने आते हैं। मशीनों की सहायता से नाली बनाकर गहरा कर दिया गया है। उनसे खुद का पंचायती तो संभल नहीं रही है और दूसरे कि पंचायत में निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

बम्हनी सरपंच हमेशा विवादों में घिरे रहते हैं। अभी दस माह पहले ही बम्हनी सरपंच ने कुछ ग्रामीणों के दबाव में आकर अपने ही गांव के लक्षण तुमसरे व उसके परिवार वालों का गांव समाज से हुक्का पानी बंद करवा दिया। उसे अभी तक न्याय नहीं मिला है। वह दस माह से लगातार न्याय पाने कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, तहसील व थाने के चक्कर काट रहा है। अभी भी उसका गांव समाज से पूरी तरह से हुक्का पानी बंद है। उसको किसी भी सामाजिक कार्य में शामिल नहीं किया जा रहा है। पहले ऐसे पीड़ित लोगों को न्याय दिलवाये फिर निर्माण कार्य की बात करें।

शिकायत कर कार्रवाई की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से त्रृषि पंछी भलावी सरपंच ददिया, मनीराम भोयर जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, तुलसीराम बोपचे पुर्व जनपद पंचायत सदस्य, अनिल दुबे, राजेन्द्र भलावी, सुरेन्द्र ठाकरे, मानिक राम बोपचे, दिपेश बोपचे, जियालाल बोपचे, लेखराम बनकर, अंतराम कोले, मोनु आश्वाले, जगन्नाथ मते, जगदीश राणा, दिलेन्द्र भोयर, रेकचंद बिसेन, गणेश भगत, गणेश भोयर, अमृतलाल ठाकरे, प्रमोद हरिनखेडे, मानिकराम बोपचे, हेमराज राउत, तुलसीराम कड़ौकर, धीरेन्द्र हुमनेकर सहित कई लोग शामिल है।